तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, रविवार, 7 अप्रैल 2024

13 भक्त माता कर्मा जयंती पर निकाली कलशयात्रा

14 स्थापना दिवस पर जुटे भाजपा कार्यकर्ता पितृ पुरुषों के...






## ट्रक और स्कूटी में टक्कर एक की मौत, दूसरा घायल

■ पाररास-पड़कीभाट बायपास मार्ग पर तेज रफ्तार में गई एक जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

जिला मुख्यालय से लगे पाररास-पड़कीभाट बायपास मार्ग पर एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। 12 चक्का ट्रक और स्कूटी की जबरदस्त भिड़ंत हो गई। इस दुर्घटना में स्कूटी चालक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया, जिसे जिला



अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। घटना शनिवार की दोपहर करीब ⏭ शेष पेज 12 पर

### शराब की अवैध बिक्री रोकने की दिशा में सरकार की पहल

# अब एक व्यक्ति एक बार में सिर्फ 4 पौवा शराब ही खरीद सकेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

शराब की अवैध बिक्री पर लगाम कसने आबकारी विभाग द्वारा प्रदेश भर के शराब दुकानों में नए नियम लागू कर दिए हैं। शराब के दाम बढ़ने के साथ ही अब शराब खरीदने में भी शराब प्रेमियों को परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि शराब की अवैध बिक्री को रोकने इस नियम को सही माना जा रहा है। कोई भी व्यक्ति शराब दुकान में एक बार में केवल एक बोतल शराब अर्थात 4 पौवा ही खरीद पाएगा। आसान भाषा में समझें तो जिले के सभी शराब दुकानों में अगर कोई व्यक्ति पौवा खरीदता है, तो उसे केलव चार नग पौवा मिलेगा, वहीं अद्धी खरीदने पर उन्हें दो अद्धी ही मिलेगी। इसी के साथ ही एक पूरी बोतल खरीदने पर उन्हें एक बार मे एक बोतल मिलेगा।



इस तरह के नियम लागू करने का उद्देश्य सिर्फ अवैध संग्रहण और अवैध बिक्री को रोकना है। हालांकि इस कड़े नियम के बाद अवैध बिक्री पर कितना असर पड़ता है, यह देखने वाली बात होगी। फिलहाल तो शराब की अवैध बिक्री जारी है।

### कांग्रेस सरकार में 16 पौवा, भाजपा में सिर्फ 4 खरीदने का नियम

उल्लेखनीय है कि 5 साल पूर्व भी जब प्रदेश में भाजपा की सरकार थी, तब भी एक व्यक्ति अधिकतम 4 पौवा ही ले सकता था, लेकिन जब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आई, तब कांग्रेस सरकार ने प्रदेश में एक व्यक्ति को शराब दुकान में एक व्यक्ति को एक बार में 16 नग पौवा खरीदने का नियम था। जिसके कारण शराब की अवैध बिक्री करने वाले कई लोग दिन भर में कई पेटी शराब खरीद लिया करते थे। यही वजह है कि शराब की अवैध बिक्री होने के लगातार आरोप लगते रहे। वहीं, भाजपा सरकार में अब नियम और भी ज्यादा कड़ा हो गया है। 16 पौवा के जगह अब केवल 4 पौवा ही खरीद सकते हैं, हालांकि वर्तमान में भी शराब की अवैध बिक्री की शिकायत लगातार मिल रही है।

### उ.मा. विद्यालय अंडा में परीक्षा परिणाम कल

अंडा। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंडा में कक्षा नवमी एवं 11वीं का परीक्षा परिणाम 8 अप्रैल को घोषित किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए परीक्षा प्रभारी वी पद्मावती राव ने सभी विद्यार्थियों को प्रातः 9 बजे तक विद्यालय पहुंचने को कहा है।




## शिव की प्रतिमा को किया खंडित, आरोपी पहुंचा जेल



हरिभूमि न्यूज ⏭ अंडा

थाना अण्डा पुलिस टीम सनातन धर्म व हिन्दू समाज की भावनाओं और आस्था को ठेंस पहुंचाते हुए मंदिर में स्थापित भगवान शिव जी की प्रतिमाओं को खंडित करने वाले फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। ग्राम आलबरस मालिक तलाब, शीतला तालाब व अन्य जगहों पर स्थापित भगवान शिव जी की प्रतिमा को आरोपी रोहित कुमार यादव पिता घनश्याम यादव 23 वर्ष पता आलबरस थाना अण्डा जिला दुर्ग व्दारा हिन्दु समाज की भावनाओं, आस्था को ठेंस पहुंचा कर पत्थर से तोड़ कर प्रतिमाओं को खंडित किया गया था। मामले की जांच उपरांत आरोपी का नाम सामने आने के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय में पेश किया जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड पर केन्द्री जेल दुर्ग में निरुध्द किया गया हैं।

## आज गुरूर के दौरे पर रहेंगे भाजपा प्रत्याशी भोजराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरूर

कांकेर लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग का जनसंपर्क अभियान मंडल गुरुर में 7 अप्रैल को होने जा रहा है। जनसंपर्क अभियान में शामिल होने भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग



प्रातः 8 बजे ग्राम अर्जुनी पहुंचेंगे। इसके प्रभारी यादव राम साहू होंगे। इस दौरान ग्राम बगदई, कपरमेटा, घोघोपुरी, भोथली, जेवरतला, कोसागोंदी, ओझागहन, सनौद, गंगोरीपार, धनेली, भूलनडबरी, दरगहन का दौरा किया जाएगा। इस दौरान दिवस प्रभारी नंदकिशोर शर्मा, सहप्रभारी भुवन लाल साहू के साथ ग्राम में जहाँ प्रत्याशी का दौरा होना है, भाजपा मण्डल अध्यक्ष कौशल साहू, महामंत्री मेहत्तर नेताम, मीडिया प्रभारी आनंद शर्मा की सक्रिय सहभागिता रहेगी। वहाँ संबंधित ग्राम में निवासरत समस्त कार्यकर्ता, बूथ अध्यक्ष, संयोजक, पदाधिकारी प्रभारी उपस्थित रहेंगे।



## सफाई के बाद घास में लगाई आग 40 एकड़ का पैरावट खाक

गुण्डरदेही। ग्राम पंचायत रनचिरई के सरपंच अखिलेश मिश्रा के कोठार में रखे 40 एकड़ का पैरावट जलकर राख हो गया।घटना शनिवार को दोपहर 2 बजे की बताई जा रही है। सरपंच अखिलेश मिश्रा ने बताया कि मेरे पैरावट से दूसरे व्यक्ति का कोठार लगा हुआ है। दोपहर को घास-फूस को साफ सफाई करने के बाद उसमे आग लगा दी। उससे आग की लपटें मेरे पैरावट में पहुंच गई और आग पूरे पैरावट में फैल गई। घटना की जानकारी उन्होंने तत्काल रनचिरई पुलिस को दी। उसके बाद अग्निशमन को बुलाकर आग पर काबू पाया गया।

## पेंशनर समाज तहसील इकाई गुरुर की बैठक कल

गुरूर। छत्तीसगढ़ राज्य पेंशनर समाज तहसील ईकाई गुरुर की मासिक बैठक 8 अप्रैल को दोपहर 1 बजे से पेंशनर भवन गुरुर में रखी गई है। अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य पेंशनर समाज तहसील ईकाई गुरुर सेवाराम तेजस्वी ने बताया कि बैठक में मुकेश चेलक रायपुर द्वारा साइबर क्राइम से बचाव की जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही आय-व्यय की समीक्षा, नये पेंशनरों का अभिनंदन, पेंशनरों की समस्याओं का समाधान, होली मिलन, बोर खनन के लिए स्थान चयन किया जाएगा। बैठक के दौरान दिवंगत पेंशनरों को श्रद्धांजलि दी जाएगी।



## खबर संक्षेप



### प्रेक्षक ने स्ट्रांग रुम का किया निरीक्षण

**बालोद।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 11 कांकेर के लिए नियुक्त किए गए सामान्य प्रेक्षक एमटी रेजू आईएएस ने बालोद जिले में पहुंचकर लोकसभा आम निर्वाचन से जुड़े तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान रेजू ने लाईवलीहुड कॉलेज पाकुरभाट में स्थित स्ट्रांग रूम में पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने लाईवलीहुड कॉलेज में जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों के लिए बनाए गए स्ट्रांग रूम का अवलोकन कर वहां की व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। मौके पर उपस्थित कलेक्टर चन्द्रवाल एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रकांत कौशिक ने प्रेक्षक श्री रेजू को जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों के लिए बनाए गए स्ट्रांग रूम की व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इसके पश्चात रेजू ने जिला मुख्यालय बालोद के समीपस्थ ग्राम झलमला के पूर्व माध्यमिक शाला मतदान केंद्र क्रमांक 80 में पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों से मतदान केंद्र के व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से मतदान केंद्र में मतदाताओं के लिए मतदान तिथि 26 अप्रैल को पेयजल एवं छांव इत्यादि की समुचित व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने बीएलओ पंजी का अवलोकन कर मौके पर उपस्थित बीएलओ से आवश्यक जानकारी ली।

### डाकमत पत्र जारी करने सुविधा केन्द्र स्थापित

बालोद। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अंतर्गत निर्वाचन ड्यूटी पर तैनात अधिकारी-कर्मचारियों को डाक मत जारी किए जाने हेतु सुविधा केन्द्र स्थापित किया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रकांत कौशिक ने बताया कि इसके अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 59 संजारी बालोद के मतदान कर्मियों के लिए स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय आमापारा एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालोद को सुविधा केन्द्र बनाया गया है। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 60 डौण्डीलोहारा के मतदान कर्मियों के लिए आनंद पब्लिक स्कूल डौण्डीलोहारा एवं शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान डौण्डीलोहारा तथा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 61 के मतदाता कर्मियों के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कचांदुर को सुविधा केन्द्र बनाया गया है। इन सभी सुविधा केन्द्रों में मतदान कर्मियों की मतदान की तिथि एवं समय 15 एवं 16 अप्रैल को सुबह 10 बजे से 05 बजे तक नियत की गई है।

### कुम्हारखान में कर्मा जयंती महोत्सव आज

**गुरूर।** ग्राम कुम्हारखान में परिक्षेत्र स्तरीय भक्त माता कर्मा जयंती महोत्सव का आयोजन 7 अप्रैल को किया गया है। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 9 बजे कलश शोभायात्रा के साथ होगी। दोपहर 12 बजे से अतिथि स्वागत, उद्बोधन होगा। दोपहर 3 बजे से प्रतिभा सम्मान एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। इसके साथ ही दो जोड़ों का आदर्श विवाह भी किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक एवं सदस्य अखिल भारतीय तैलिक महासभा प्रीतम साहू होंगे, अध्यक्षता तहसील साहू संघ गुरूर अध्यक्ष महेन्द्र साहू करेंगे।

### नारागाँव के विद्यार्थियों ने सियादेवी मंदिर में की सफाई



**बालोद।** पूर्व माध्यमिक शाला नारागाँव के बच्चों ने सियादेवी मंदिर प्रांगण में स्वच्छता अभियान के तहत साफ सफाई की। इस दौरान बच्चों ने मंदिर प्रांगण में फैले पत्तों को साफ कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

# केंद्रीय विद्यालय की सीटें घटी, अब 40 की जगह 32 सीटों पर ही होंगे दाखिले

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

केंद्रीय विद्यालयों की सीटों में मौजूदा सत्र से कटौती कर दी गई है। ऐसा देशभर के स्कूलों में हुआ है। अब तक प्राथमिक से हायर सेकंडरी कक्षाओं तक प्रत्येक कक्षा के प्रत्येक सेक्शन में 40-40 सीटें होती थी। अब इसमें कटौती करते इसे 32-32 कर दिया गया है। इसके लिए केंद्रीय विद्यालय संगठन द्वारा आदेश जारी किया जा चुका है। नवीन सत्र के लिए आवेदन प्रारंभ हो चुके हैं, ऐसे में प्रवेश के लिए जारी की गई अधिसूचना में भी 32 सीटों के लिए ही आवेदन मांगे गए हैं। केंद्रीय विद्यालयों में दाखिले के लिए पहले से ही होड़ मची रहती है। सीट संख्या कम होने से यहां प्रवेश पाने में अब और अधिक मुश्किलें आएंगी। राजधानी रायपुर में तीन केंद्रीय विद्यालय हैं। इनमें एक डब्ल्यूआरएस कॉलोनी, एक डीडी नगर तथा एक नया रायपुर में स्थित है। नई शिक्षा नीति के अंतर्गत केंद्रीय विद्यालय संगठन ने यह निर्णय लिया है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, नई शिक्षा नीति में यह माना गया है कि कक्षा में अधिक संख्या में छात्र होने पर उन पर पूर्ण रूप से ध्यान दे पाना संभव नहीं होता है तथा उनकी क्षमता घट जाती है। इस कारण सीट में कटौती संबंधित यह निर्णय लिया गया है। हालांकि छात्रों और पालकों में इसे लेकर निराशा का भाव है।

### रायपुर में हैं इतनी सीटें

राजधानी के केंद्रीय विद्यालयों में सर्वाधिक सीटें डब्ल्यूआरएस ब्रांच में हैं। यहां दो शिफ्ट में पहली से बारहवीं तक की कक्षाएं संचालित होती हैं। दोनों ही शिफ्ट में प्रत्येक कक्षा में 4-4 सेक्शन हैं। प्रत्येक सेक्शन में 40-40 सीटें हैं। डीडी नगर ब्रांच में भी प्रत्येक कक्षा में 4-4 सेक्शन और 40-40 सीटें हैं, लेकिन यहां सिर्फ एक ही शिफ्ट में कक्षाएं संचालित होती हैं। नया रायपुर स्थित केवी में सिर्फ एक ही सेक्शन हैं।





फाइल फोटो

- नए सत्र से नर्सरी तथा पहली कक्षा में 40 की जगह 32 सीटों पर ही प्रवेश, अधिसूचना जारी
- केंद्रीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए पहले से ही मारामारी, अब बढ़ जाएंगी दिक्कतें

### पहली कक्षा में कटौती

पूर्व से अध्ययनरत छात्रों को नहीं निकाला जाएगा। पहली कक्षा में ही प्रवेश के दौरान सीटों में कटौती की गई है। केवी संगठन द्वारा 40 की जगह 32 सीटों पर प्रवेश देने कहा गया है।

-बीएस अहिरे, प्राचार्य केवी क्रमांक-3

### क्रमबद्ध होगी कटौती

बीते सत्र में जो छात्र पहली कक्षा में थे, वे उत्तीर्ण होकर मौजूदा सत्र में दूसरी कक्षा में जाएंगे। इन सभी 40 छात्रों को दूसरी कक्षा में प्रवेश दिया जाएगा। इनमें छात्रों को नहीं निकाला जाएगा। अर्थात बड़ी कक्षाओं में सीट कटौती इस सत्र में नहीं होगी। नर्सरी अर्थात बालवाटिका और पहली कक्षा में 32 सीटों पर प्रवेश होगा। अगले सत्र में ये छात्र दूसरी कक्षा में जाएंगे तब भी 32 सीटें ही रहेंगी। अर्थात पहली कक्षा के वर्तमान बैच के आगे बढ़ने के साथ-साथ कक्षावार सीटें कम होती जाएंगी।

### डोंगरगढ़ में अस्थायी ठहराव की सुविधा नौ से 17 अप्रैल तक मिलेगी

# श्रद्धालुओं के लिए डोंगरगढ़ में ठहरेंगी पांच एक्सप्रेस ट्रेन, लंबी दूरी की ट्रेनों में मिलेगा फलाहारी भोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

नवरात्रि के मद्देनजर डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन में पांच एक्सप्रेस ट्रेनें ठहरेंगी। यह सुविधा अप व डाउन दोनों दिशा में मिलेगी। ठहरने वाली ट्रेनों की सूची के साथ-साथ रेलवे ने समय भी जारी किया है, ताकि मां बम्लेश्वरी के दर्शन को पहुंचने वाले भक्तों को परेशानी न हो। डोंगरगढ़ में मां बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए दूर- दूर से श्रद्धालु पहुंचते हैं। नवरात्रि में तो पूरे नौ दिन मेला जैसा माहौल रहता है। चैत्र नवरात्रि नौ अप्रैल से प्रारंभ हो रही है। इसे देखते हुए रेल प्रशासन ने दर्शनार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखकर एक्सप्रेस ट्रेनों को अस्थायी ठहराव देने का निर्णय लिया है। इसके साथ कुछ ट्रेनों का विस्तार भी किया गया है, ताकि डोंगरगढ़ तक पहुंचने में किसी तरह की दिक्कत न हो।

अस्थायी ठहराव की सुविधा नौ से 17 अप्रैल तक मिलेगी। हालांकि सामान्य दिनों में यह ट्रेनें इस स्टेशन पर नहीं रुकतीं। ऐसे में श्रद्धालुओं को आगे या पीछे के उन स्टेशनों पर उतरना पड़ता है, जहां इनका स्टापेज है। रेलवे दोनों पक्ष की नवरात्रि में इसी तरह ट्रेनों के ठहराव की व्यवस्था करता है। स्टेशन में सुरक्षा के खास इंतजाम किए जाएंगे। इसमें आरपीएफ व जीआरपी के अतिरिक्त स्टाफ की ड्यूटी लेगेगी। यह स्टाफ श्रद्धालुओं की सुविधा का ध्यान रखेगा।

## ट्रेन में यात्रियों को मिलेगी नवरात्रि स्पेशल थाली

### गोंदिया-दुर्ग मेमू पैसेंजर का रायपुर तक विस्तार

दर्शनार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखकर 08742/08741 गोंदिया-दुर्ग मेमू पैसेंजर स्पेशल ट्रेन का रायपुर तक विस्तार करने का निर्णय लिया गया है। इसके अलावा तीन मेमू पैसेंजर स्पेशल ट्रेनों को अस्थाई रूप से पुनः परिचालन करने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत आठ से 17 अप्रैल तक रायपुर-डोंगरगढ़ मेमू पैसेंजर, डोंगरगढ़- रायपुर मेमू पैसेंजर और 9 से 18 अप्रैल तक गोंदिया-डोंगरगढ़ मेमू पैसेंजर ट्रेन की सुविधा यात्रियों को मिलेगी।



### नवरात्रि स्पेशल फलाहारी मेन्यू तैयार

इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कार्पोरेशन, आईआरसीटीसी ने नवरात्रि में उपवास रखकर ट्रेन में यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए फलाहारी मेन्यू तैयार किया है। नवरात्रि स्पेशल थाली के साथ ही सेंधा नमक, साबूदाना और कूटू के आटे से बनी खाद्य सामग्री को इसमें शामिल किया गया है। यह 99 रुपए से लेकर 300 रुपए की कीमत में यात्रियों को चलती ट्रेन में उपलब्ध कराई जा रही है। ट्रेन में यात्रियों को फलाहार मिलेगा। नवरात्रि स्पेशल में मूंगफली, आलू की टिक्की, कूटू की पूड़ियां या पराठे, सिंघाड़े की सब्जी, जीरा आलू, फ्रेंच फ्राइज, साबूदाना बड़ा, फलाहारी चिवड़ा, फलहारी थाली, मलाई बर्फी, रस मलाई, मिल्क केक, सादा बर्फी, लस्सी व सादा दही उपलब्ध रहेगा।

### इन ट्रेनों का रहेगा स्टॉपेज

जिन ट्रेनों के ठहराव की सुविधा दी जा रही है, उनमें बिलासपुर-भगत की कोठी एक्सप्रेस शामिल है। यह ट्रेन डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन में 21:56 बजे पहुंचकर 21:58 बजे रवाना होगी। इसी तरह वापसी में यह ट्रेन 5:55 बजे पहुंचकर 5:57 बजे छूटेगी। बिलासपुर-बीकानेर एक्सप्रेस 21:56 बजे, बीकानेर-बिलासपुर एक्सप्रेस 5:55 बजे, बिलासपुर-चेन्नई एक्सप्रेस 12:19 बजे, चेन्नई-बिलासपुर एक्सप्रेस 10:33 बजे और बिलासपुर-पुणे एक्सप्रेस 14:41 बजे डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन पर पहुंचेगी। इसी तरह पुणे-बिलासपुर एक्सप्रेस 12:15 बजे, रायपुर-सिकंदराबाद एक्सप्रेस 18:34 बजे और सिकंदराबाद- रायपुर एक्सप्रेस 10:46 बजे डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन पहुंचेगी।

# सामान्य प्रेक्षक ने ली प्रभारी व नोडल अफसरों की बैठक



**बालोद।** लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 11 कांकेर के सामान्य प्रेक्षक एमटी रेजू ने कहा कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अंतर्गत बालोद जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से निर्वाचन संपन्न कराने हेतु पुख्ता उपाय सुनिश्चित की जाए।

प्रेक्षक रेजू संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में लोकसभा आम निर्वाचन के अंतर्गत नियुक्त किए गए प्रभारी एवं नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में चुनाव तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी प्रभारी एवं नोडल अधिकारियों से बारी-बारी उनके कार्यों एवं दायित्वों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी ली। उन्होंने सभी अधिकारियों को बालोद जिले में लोकसभा आम निर्वाचन के कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु पूरी निष्ठा, समर्पण एवं मुस्तैदी के साथ निर्वाचन संबंधी दायित्वों का निर्वहन करने को कहा।

कलेक्टर ने दी जानकारी

बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने सामान्य प्रेक्षक रेजू को जिले में लोकसभा आम निर्वाचन से जुड़े तैयारियों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। चन्द्रवाल ने कहा कि बालोद जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव संपन्न कराने हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित कर ली गई हैं। सामान्य प्रेरेक्षक रेजू ने जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं स्वीप के नोडल अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे से आगामी लोकसभा आम निर्वाचन के दौरान जिले में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने हेतु किए जा रहे उपायों के संबंध में जानकारी ली। स्वीप के नोडल अधिकारी डॉ. कन्नौजे ने कहा कि जिले के सभी क्षेत्रें में सघन एवं व्यापक रूप से मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर जिले में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने हेतु जरूरी उपाय सुनिश्चित किए जा रहे हैं।

### ऐसा करने वाला जोन देश में सबसे आगे

# एक रूट में अधिक ट्रेन चलाने 460 किलोमीटर में लगा 'ऑटोमैटिक सिग्नलिंग सिस्टम'

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पटरियों में ट्रेनों की संख्या बढ़ाने के लिए रेलवे देशभर में ऑटोमैटिक सिग्नलिंग सिस्टम स्थापित कर रहा है। इस कार्य में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे पूरे देश में सबसे आगे हैं। जोन ने इस वर्ष भारतीय रेलवे में सर्वाधिक 136.25 किलोमीटर के ऑटोमैटिक सिग्नलिंग सिस्टम की कमीशनिंग किया है। इस प्रकार अब तक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का कुल 460 किलोमीटर का सेक्शन ऑटोमैटिक सिग्नलिंग सिस्टम से लैस हो चुका है। ऑटोमेटिक ब्लॉक सिगनलिंग सिस्टम में दो स्टेशनों के निश्चित दूरी पर सिग्नल लगाए जाते हैं।

नई व्यवस्था में स्टेशन यार्ड के एडवांस स्टार्टर सिग्नल से आगे लगभग एक से डेढ़ किलोमीटर पर सिग्नल लगाए गए हैं, जिसकी मदद से सिग्नल के सहारे ट्रेनें एक-दूसरे के पीछे चलती रहती है। अगर किसी कारण से आगे वाले सिग्नल में तकनीकी खामी आती है तो पीछे चल रही ट्रेनों को भी सूचना मिल जाती है और जो ट्रेन जहां पर रहेगी वहीं पर रुक जाएगी। यह अधिक ट्रेनों को चलाने में सहायक होता है। ऑटो सिग्नेलिंग के माध्यम से 4, 5 या 6 ट्रेनों को प्रत्येक सेक्शन में चलाया जा सकता है, जो दो स्टेशनों के बीच की दूरी पर निर्भर करता है।



- नए सिस्टम से 6 ट्रेनों को प्रत्येक सेक्शन में चलाया जा सकता है

### सालभर में 136.25 किलोमीटर का काम पूरा

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में बिल्हा से जयराम नगर (30 कि.मी.), कलमना से दुर्ग (259 कि.मी.), बिलासपुर से घुटकू (16 कि.मी.), चांपा से उरगा (28 कि.मी.) रेल लाइन में ऑटो सिग्नलिंग सिस्टम का कार्य पिछले वित्तीय वर्षों में पूर्ण किया गया था। विगत वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान 136.25 किलोमीटर ऑटो सिग्नलिंग सिस्टम का कार्य पूर्ण किया गया है, जिसमें जयराम नगर-अकलतरा (34 कि.मी.), उरगा-गेवरा रोड (16.25 कि.मी.), दुर्ग-कुम्हारी (54 कि.मी.), धनोली-गुढ़मा (18 कि.मी.), सालवा-कामठी (11 कि.मी.), तथा बिलासपुर कार्ड केबिन-उसलापुर (03 कि.मी.), रेल लाइन शामिल है। इस प्रकार वर्तमान में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का 460 किलोमीटर सेक्शन ऑटोमेटिक सिग्नल सिस्टम से लैस है।

### ट्रेनों के परिचालन में मिल रही मदद

ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नल सिस्टम के लागू हो जाने से एक ब्लॉक सेक्शन में एक ही रूट पर एक से अधिक ट्रेनें चल सकती है। इससे रेल लाइनों पर ट्रेनों की रफ्तार के साथ ही संख्या भी बढ़ गई है। वहीं, कहीं भी खड़ी ट्रेन को निकलने के लिए आगे चल रही ट्रेन के अगले स्टेशन तक पहुंचने का भी इंतजार नहीं करना पड़ता है। स्टेशन यार्ड से ट्रेन के आगे बढ़ते ही ग्रीन सिग्नल मिल जाता है, यानि कि एक ब्लॉक सेक्शन में एक के पीछे दूसरी ट्रेन आसानी से चलती है। इसके साथ ही ट्रेनों के लोकेशन की जानकारी मिलती रहती है।

# भाजपा सिर्फ एक पार्टी नहीं बल्कि विचारधारा है: साहू





**बालोद।** भारतीय जनता पार्टी बालोद शहर मंडल द्वारा लोकसभा चुनाव कार्यालय में स्थापना दिवस मनाया गया। जिसमें जिला भाजपा अध्यक्ष पवन साहू, पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्णकांत पवार, जिला महामंत्री राकेश छोटू यादव विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुवात भारतमाता, श्यामा प्रसाद मुखर्जी और दीनदयाल उपाध्याय के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं भाजपा का झंडा रोहन कर किया गया। जिला भाजपा अध्यक्ष पवन साहू ने भाजपा के निर्माण पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 9 लोगों ने मिलकर भारतीय जनसंघ की स्थापना की। भारतीय जनसंघ का धीरे धीरे वहीं विस्तार हुआ। जनसंघ का भारतीय जनता पार्टी के रूप में उदय हुआ। भाजपा सिर्फ एक पार्टी नहीं बल्कि विचारधारा है। सरकार की योजनाओं का सभी हितग्राहियों को लाभ दिलाने पार्टी के कार्यकर्ताओं को लाभार्थियों के घर तक जाना है। इस अवसर पर शहर मंडल अध्यक्ष के नेतृत्त्व में लाभार्थी संपर्क किया गया। इस अवसर पर जिला मंत्री शरद ठाकुर, अमित चोपड़ा, अम्बिका यादव, शहर मंडल अध्यक्ष सुरेश निर्मलकर, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रेम साहू, वरिष्ठ पार्षद कमलेश सोनी, राजू पटेल सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कृष्ण युवा फाग समिति बैहाकुआं ने बच्चों को कराया न्योता भोज

**डौंडीलोहारा।** समीपस्थ ग्राम बैहाकुआं में कृष्ण युवा फ़ाग समिति के सदस्यों द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला बैहाकुआं में न्योता भोज का आयोजन किया गया। न्योता भोज में आंगनबाड़ी के बच्चों को भी शामिल किया गया। इस अवसर पर बच्चों को केला, अंगूर, खीर-पूड़ी व आलू-पालक की सब्जी परोसा गया। इस अवसर पर समिति के संरक्षक मिलन खरे, पुरानिक भंडारी, अशोक पथरिया, संचालक सुरेश खोबरागड़े, अध्यक्ष प्रेमलाल पटेल, उपाध्यक्ष नंदलाल सहारे, सचिव पवन खोबरागड़े, कोषाध्यक्ष मुकुंद भंडारी सहित भुवनेश्वर सहारे, रविकांत खरे, बच्चन बेलसारिया एवं सभी सदस्य उपस्थित थे। समिति के सचिव पवन खोबरागड़े ने बताया कि शासन की इस योजना से पालक एवं जन समुदाय में सहयोग तथा एकता व भाईचारा की भावना बढ़ रही है और बच्चों को स्वादिष्ट एवं पौष्टिक आहार मिल रहा है। इस अवसर पर संकुल समन्वयक अशोक टंडन, प्रधान पाठक रोमन लारेंद्र, बुधन्तीन पटेल एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका उपस्थित रहे।



### 24 दिन चली थी हड़ताल, किस्तों में बांडेड डाक्टरों को मिलती है 21 छुट्टी

# हड़ताल अवधि की छुट्टी के आदेश पर फंस रहा पेंच, बढ़ सकती है बांड अवधि

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अनुबंधित डाक्टरों की हड़ताल अवधि की भरपाई बांड अवधि बढ़ाकर की जा सकती है। स्वास्थ्य कर्मचारियों की 24 दिन की हड़ताल को शासन ने अवकाश स्वीकृत किया है, मगर बांडेड डाक्टरों को किस्तो में सालभर में 21 छुट्टियां मिलती हैं, जिसकी वजह से पेंच फंस रहा है। बांड अवधि बढ़ाकर हड़ताल अवधि की भरपाई करने के आदेश कई जिलों में जारी किए जा चुके हैं, जिसके विरोध में भी चिकित्सक संगठनों के स्वर उभरने लगे हैं।

जानकारी के अनुसार विभिन्न स्वास्थ्य संगठनों ने अपनी कई मांगों को पूरा करवाने के लिए एकजुट होकर अगस्त में हड़ताल की थी। इसमें स्वास्थ्य सेवा के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में सेवा देने वाले अनुबंधित डाक्टर भी शामिल थे। हड़ताल 24 दिन चली, कर्मचारियों के हित का ध्यान रखते हुए राज्य शासन की ओर से अवकाश स्वीकृत किया गया था और पिछले महीने इस संबंध में आदेश भी जारी कर दिया गया था। सूत्रों के मुताबिक अनुबंधित डाक्टरों की छुट्टी का मामला अटक रहा है। जानकारी के अनुसार बांडेड डाक्टरों को सालभर में 18 आकस्मिक और 4 दिन एच्छिक अवकाश दिया जाता है। हड़ताल अवधि एक महीने के भीतर की है, जिसे स्वीकृत करना संभव नहीं है। इसे देखते हुए हड़ताल अवधि की भरपाई उनकी अनुबंध सेवा को बढ़ाकर करने की तैयारी की जा रही है। इसे लेकर कई जिलों में आदेश भी जारी किया जाने लगा है और इसके विरोध भी चिकित्सकों के संगठन सक्रिय होने लगे हैं।

- कई जिलों में भरपाई के लिए जारी हुआ आदेश, विरोध के भी उठे स्वर





### धमतरी जिले में आदेश

शासन द्वारा 14 मार्च को हड़ताल के निराकरण के संबंध में अवकाश स्वीकृत करने का आदेश जारी किया गया था। इसके कुछ दिन बाद धमतरी जिले से सबंधित ब्लाक मेडिकल ऑफिसर को पत्र भेजकर हड़ताल अवधि का दिन बढ़ाकर अनुबंध डाक्टरों की बांड पूरा कराने का जिक्र किया गया था। पत्र में इस बात का जिक्र भी था कि आदेश का पालन नहीं करने पर जिम्मेदारी खंड चिकित्सा अधिकारी की होगी।

### आदेश जारी करने की मांग

सीमएमएचओ स्तर पर जारी किए जा रहे इस आदेश की जानकारी यूनाइटेड डाक्टर फ्रंट एसोसिएशन द्वारा स्वास्थ्य संचालनालय के अधिकारियों को देकर अवकाश अर्जित करने की मांग की गई है। एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. हीरा सिंह लोधी का कहना है कि जिला स्तर पर जारी होने वाले आदेश से डाक्टर खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं। मांग की गई है कि संचालनालय स्तर पर इस मामले में अलग से आदेश जारी किए जाना चाहिए।

# चुनाव प्रशिक्षण, सामग्री वितरण केंद्रों में उपलब्ध कराएं सुविधाएं

बालोद। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष दिलीप साहू ने बताया कि छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के सभी पदाधिकारियों ने लोकसभा निर्वाचन 2024 संपन्न कराने लगे कर्मचारियों को भीषण गर्मी के कारण प्रशिक्षण, सामग्री वितरण एवं संग्रहण केंद्र व मतदान केंद्रों में आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की है।एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि प्रमुख रूप से प्रशिक्षण केंद्र, मतदान सामग्री वितरण एवं संग्रहण केंद्र तथा मतदान केंद्रों पर कर्मचारियों की सुविधा के लिए शीतल पेयजल व कूलर की व्यवस्था करने, प्रातः सामग्री वितरण पश्चात जल्द मतदान दलों को मतदान केंद्र के लिए रवाना करने, मतदान केंद्रों में मतदान दलों के लिए भोजन तैयार करने, पेयजल, पंखे कूलर, आवास व सोने की व्यवस्था आदि की व्यवस्था स्थानीय स्तर पर पहले से तैयार रखने के निर्देश जारी करने, सामग्री वितरण एवं संग्रहण केंद्र में भोजन व नाश्ते के लिए कैंटीन तथा आवास व स्वास्थ्य सुविधा की व्यवस्था, पर्याप्त काउंटर व सामग्री लेने व जमा के प्रक्रिया का सरलीकरण आदि किए जाने की मांग की है।

पेज 11 का शेष...

### ट्रक और स्कूटी में ...

12:30 बजे की है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बिरेतरा निवासी उमाशंकर यादव और विजय यादव दोनों दोपहिया वाहन स्कूटी क्रमांक सीजी 24 टी 9686 पर सवार होकर जा रहे थे। इस दौरान विपरीत दिशा से ट्रक क्रमांक सीजी 04 एम यू 7907 आ रहा था। बताया जा रहा है कि दोनों ही वाहन काफी तेज रफ्तार में थे। इस बीच दोनों की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। हादसे में उमाशंकर यादव की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि स्कूटी के पीछे बैठा विजय गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं, घटना की जानकारी लगते ही कोतवाली पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शव को बरामद किया।वहीं, दुर्घटनाग्रस्त वाहन को जब्त कर थाना ले गए और जांच में जुट गई है।

**खबर संक्षेप**



## तेज धूप व भीषण गर्मी के बीच खतरनाक सफर

**बालोद।** यह तस्वीर जिला मुख्यालय की है, जहां एक बाइक चालक अपने दो बच्चों व पत्नी के साथ सफर कर रहा है। दोपहर का समय है और दिन का पारा 41 डिग्री पर चढ़ा हुआ है। ऐसे में सफर करना स्वास्थ्य समस्या को आमंत्रित करने जैसा है। जबकि स्वास्थ विभाग ने बढ़ते पारा को देखते हुए सावधानी बरतने की एडवायजरी जारी की है। युवाओं से लेकर बुजुर्ग तक अपने सिर व चेहरे में गमछा, रुमाल, टोपी आंखों में चश्मा सहित छाता का सहारा लेकर चिलचिलाती धूप से बचने का साधन ढूंढ रहे हैं। वहीं, इस तरह बिना धूप व गर्मी से बचाव की व्यवस्था किए सफर खतरनाक हो सकता है।

## दूसरे चरण का हुआ रेंडमाइजेशन



**बालोद।** कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक एमटी रेजू और कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल की उपस्थिति में संयुक्त जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में द्वितीय रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया पूरी की गई। इस दौरान कम्प्यूटरीकृत प्रणाली से पीपीआरएस सॉफ्टवेयर के माध्यम से मतदान दल में शामिल अधिकारी–कर्मचारियों का विधानसभा क्षेत्र आबंटन की कार्यवाही पूरी की गई।

## चैनगंज शाला में हुआ न्योता भोज



**गुण्डरदेही।** शासकीय प्राथमिक शाला चैनगंज में गणेश राम मानिकपुरी द्वारा छात्र-छात्राओं को न्योता भोज दिया गया। न्योता भोज में बच्चों को चावल, दाल, सब्जी के साथ खीर, पूरी का भी वितरण किया गया। मानिकपुरी ने अपने परिजनों के साथ बच्चों को भोजन परोसा।

## लाइजनिंग अधिकारियों की हुई नियुक्ति

**बालोद।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अंतर्गत लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 11 कांकेर के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक एमटी रेजू आईएएस एवं व्यय प्रेक्षक संदीप मण्डल आईआरएस के सहयोग हेतु लाईजनिंग अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। इसके अंतर्गत सामान्य प्रेक्षक एमटी रेजू के लाईजनिंग हेतु कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग सुक्रांत साहू की ड्यूटी लगाई गई है। सुक्रांत साहू का मोबाईल नंबर 7987358440 है। इसी तरह व्यय प्रेक्षक संदीप मण्डल के लाईजनिंग हेतु कार्यपालन अभियंता जल संसाधन विभाग पीयूष देवांगन की ड्यूटी लगाई गई है। देवांगन का मोबाईल नंबर 9754976727 है।

**आयोजन : ग्राम चूल्हापथरा में हुआ परिक्षेत्रस्तरीय भक्त माता कर्मा जयंती महोत्सव**

# माता कर्मा ने अपने तपोबल से भगवान जगन्नाथ के श्री चरणों में स्थान पाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुरूर

ग्राम चूल्हापथरा में मोखा परिक्षेत्र साहू समाज द्वारा परिक्षेत्र स्तरीय भक्त मां कर्मा की 1008 वीं जयंती महोत्सव मनाया गया। समारोह में परिक्षेत्र के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं, वरिष्ठजनो एवं अन्य समाज के प्रमुखों का सम्मान किया गया। मंच संचालन परमानंद साहू ने किया। समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश सलाहाकार व संरक्षक जिला संघ बालोद पवन साहू थे, अध्यक्षता मोखा परिक्षेत्र अध्यक्ष गौकरण साहू ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाज प्रमुखों ने कहा कि माता कर्मा ने अपने तपो बल से भगवान जगन्नाथ की श्री चरणों में स्थान पाया। माता कर्मा ने बताया कि भक्ति में वह क्षमता है कि जगत के नाथ भी भक्तों की भावना के अनुरूप रूप धारण कर उनके द्वारा भक्तिभाव से प्रस्तुत खिचड़ी को भी सहर्ष स्वीकार कर लेते हैं। समारोह में तहसील न्याय प्रकोष्ठ संयोजक बाबूलाल साहू, आत्मा राम साहू, मोखा परिक्षेत्र सचिव पुरानिक साहू, कोषाध्यक्ष उत्तम साहू एवं बिमला साहू के साथ गोदावरी साहू, हरिशचन्द्र साहू, कोमल साहू विशेष रूप से मंचासीन थे। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष एवं संरक्षक तहसील साहू संघ गुरूर रामदयाल साहू, कोषाध्यक्ष तहसील साहू संघ गुरूर खेदू राम साहू, संरक्षक परिक्षेत्र साहू संघ मोखा कौशल साहू, संरक्षक परिक्षेत्र साहू संघ मोखा सेवक राम साहू, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर तोषण लाल साहू, विधायक प्रतिनिधि गुरूर ओंकार महमल्ला, पप्पू कांकरिया, महामंत्री भाजयुमो गुरूर अजेन्द्र साहू, सदस्य जनपद पंचायत गुरूर संध्या साहू, सरपंच ग्राम पंचायत कन्हापुरी भागाबाई साहू, सरपंच ग्राम पंचायत हितेकसा भूपेश कुमार हिरवानी सहित सोरर परिक्षेत्र अध्यक्ष पीलूराम साहू, गुरूर परिक्षेत्र अध्यक्ष योगेश साहू सहित बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे। मंचीय कार्यक्रम के पूर्व मोखा परिक्षेत्र के 8 ग्रामों सोनईडोंगरी, कन्हारपुरी, मोखा, चूल्हापथरा, साल्हेभाट, खैरडीगी, धानापुरी एवं हितेकसा से पहुंची मातृशक्तियों के साथ प्रमुखों ने कलश शोभायात्रा निकाल कर मंगलकामना की।







**प्रतिभाओं का किया गया सम्मान**

कार्यक्रम के दौरान आयोजित कलश सजाओ प्रतियोगिता में प्रथम अनिता बाई, द्वितीय योगेश्वरी साहू एवं तृतीय डामेश्वर साहू ने प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम सुमित्र बाई, द्वितीय कुलेश्वरी साहू एवं तृतीय बिमला बाई ने प्राप्त किया, जिन्हें पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। ग्राम मोखा निवासी शिक्षक पुरानिक साहू की बेटी संध्या साहू का एमबीबीएस में चयन होने पर एवं कक्षा बारहवी में परिक्षेत्र में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर खिलेश्वरी के साथ द्वितीय स्थान पर रही शैलबाला गंजीर व कक्षा दसवी में परिक्षेत्र में प्रथम ओंकार साहू एवं द्वितीय सीमा साहू का सम्मान किया गया।

## भक्त माता कर्मा ने सच्चे मायने में समझाया है जीवन का अर्थ

**माता कर्मा की जीवनी पर आधरित फिल्म रिलीज**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद



भक्त माता कर्मा की जीवनी पर आधारित मेरी मां कर्मा फिल्म आज प्रदेश मे रिलीज हो गई। मूवी के बारे में कई स्टार प्रचारक सहित डॉ. मोना टुवानी ने जमकर प्रचार प्रसार भी किया।

बालोद में डॉ. मोना टुवानी ने मेरी मां कर्मा फिल्म की प्रदेश स्टार प्रचारक होने के नाते आज कर्मा जयंती के दिन मां कर्मा की पूजा अर्चना कर मूवी का प्रचार किया। मूवी आज रिलीज हो चुकी है, जो की पापकार्न फिल्म प्रोडक्शन द्वारा बनाई गई है। इसमें मां कर्मा की जीवनगाथा दिखाई गई है जो अपने आप में प्रेरणास्त्रोत है। साहू समाज के लोगों ने भी मूवी को जाकर देखने समाज के लोगों से अपील की है। बताया गया कि इस मूवी में भक्त माता कर्मा ने सच्चे मायने में जीवन का अर्थ समझाया है। इसके अलावा हमारे संस्कार और संस्कृति की भी झलक इस फिल्म मे दिखाई गई है। फिल्म में भक्त माता कर्मा के अलावा अन्य सभी पात्रों को कलाकारों ने बहुत बेहतर ढंग से प्रदर्शित किया है।



## भाठागांव आर में निकाली कलश यात्रा

**गुण्डरदेही।** ग्रामीण साहू समाज भाठागांव आर द्वारा मां भक्त माता कर्मा की जयंती बड़े ही धूम धाम से मनाई गई। इस अवसर पर भारती सेना से सेवानिवृत्त भाई देवनारायण साहू व गांव के प्रबुद्ध जनों का आत्मीय सम्मान किया गया। गांव में मां कर्मा की कलश यात्रा निकाली गई, वही रात्रिकालीन मे रामधुनि का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति दी। इस अवसर पर पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष लेखराम साहू, केके साहू टीकम साहू, ग्रामीण अध्यक्ष सुशील साहू, पवन साहू, देवांगन समाज से मायाराम देवांगन, आदिवासी समाज से बिसनाथ ठाकुर, ग्रामीण पटेल मुरली कोसे, उमेंद साहू, विष्णु बंजारे व सरपंच शशिकला साहू सहित समाज के स्वजाति बंधु व अन्य ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## भक्त माता कर्मा जयंती पर निकाली कलशयात्रा

**पूजा- अर्चना के बाद खिचड़ी प्रसादी का वितरण**



**गुण्डरदेही।** ग्रामीण साहू समाज किलेपार, बोरगहन, पेंड्री, मोखा, अचौद, खुटेरी, रजोली, तवेरा द्वारा पांच अप्रैल शुक्रवार को भगवान श्री कृष्ण भक्त माता कर्मा की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई। मां कर्मा जयंती के अवसर पर ग्रामीण साहू समाज की महिलाएं द्वारा कलश यात्र निकालकर गांव भ्रमण किया गया। तत्पश्चात समाज द्वारा भगवान श्री कृष्ण व माता कर्मा की विधि विधान से पूजा अर्चना व आरती उतारकर समाज की सुख समृद्धि की कामना की। इसके बाद महाप्रसादी के रूप में खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया।

## वार्षिक अधिवेशन में जुटे सेन समाज के लोग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद



जुंगेरा स्थित बंजारी मैया प्रांगण में ब्लॉक सेन समाज बालोद का वार्षिक अधिवेशन रखा गया। अधिवेशन का प्रारंभ सेनजी महाराज की तैल चित्र की पूजा अर्चना कर किया गया। बैठक में सभापति पूरनलाल कौशिक को मनोनीत किया गया, बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम कौशिक द्वारा किया गया। बैठक में सर्वप्रथम आगामी 14 मई को गुण्डरदेही में होने वाले सेन जयंती के संबंध में विस्तार से चर्चा कर जयंती समारोह में सभी सामाजिक लोगों का शत-प्रतिशत उपस्थिति देने का लक्ष्य रखा गया। विधायक रितेश सेन द्वारा चरण दास महंत को लेकर दिए गए बयान पर कहा कि यह उनका निजी बयान है, इसका समाज से कोई लेनादेना नहीं है। कोई भी व्यक्ति समाज को विश्वास में लिए बिना ही या कोई भी निर्णय अपने मन से नहीं ले सकता। सभी ने कहा कि यह उनका राजनीतिक बयान हो सकता है, जिससे सेन समाज का कोई लेना–देना नहीं है। अंत में वार्षिक आय व्यय का लेखा–जोखा किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम कौशिक, पूरन कौशिक, द्वारिका सांडिल, विनोद कौशिक, ढालेश्वर भारद्वाज, विक्की भारद्वाज, दीपक कौशिक, भीमु कौशिक, उमेश सेन, बलला भारद्वाज, नारद सेन, गोविंदा सेन, भीषम सेन, गजराज सेन, सेतु शांडिल, संतोष सेन, तीजू कौशिक, नारायण सेन एवं सभी ब्लॉक इकाई पदाधिकारियों सहित सदस्य उपस्थित थे।

## खेलों को बढ़ावा देगी सरकार, बच्चों को स्कूलों में दिया जाएगा प्रशिक्षण

**जिले में पहले चरण में इसी माह दिया जाएगा प्रशिक्षण**



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

जिले में शिक्षा विभाग द्वारा बच्चों को खेल कूद की प्रतिभा को निखारने के लिए दो चरणों में खेल कूद अभ्यास व्यायाम शिक्षकों के माध्यम से किया जाएगा। इसके लिए सभी स्कूल संस्थानों को शिक्षा विभाग बालोद द्वारा आदेश जारी किया गया है।

जिले में शिक्षा के साथ ही अब खेल कूद को बढ़ावा देने के लिए शिक्षा विभाग द्वारा प्रथम चरण में 28 दिनों का प्रशिक्षण बच्चों को अप्रैल महीने के अंतिम दिनों तक दिया जाएगा। वहीं, दूसरे चरण का प्रशिक्षण जून में शुरू किया जाएगा। इस दौरान स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे सुबह 6 बजे से 9 बजे तक खेल की विभिन्न गतिविधियों में भाग ले सकते हैं। इसके लिए खिलाड़ि बच्चों का पंजीयन अलग-अलग खेलों के आधार पर किया जाएगा। वहीं, इन बच्चों को व्यायाम शिक्षक या प्रभारी शिक्षक द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा।

इसके साथ ही खेल में उत्कृष्ट बच्चों को आगे खेलने के लिए भी मौका प्रदान किया जाएगा, जिसके लिए शिक्षा विभाग द्वारा खिलाड़ियों का प्रपत्र तैयार किया जाएगा। वहीं, दूसरे चरण में खिलाड़ियों को खेल से जुड़े तकनिकी प्रशिक्षण कर खेल का अभ्यास भी कराया जाएगा। वहीं, पिछले वर्ष 2023 के राज्य स्तरीय एथलेटिक्स के बेहतर खिलाड़ियों को इस बार फिर अभ्यास कराया जाएगा और उन्हें मौका दिया जाएगा, जिसके लिए पिछले वर्ष का दस्तावेज संलग्न करना पड़ेगा।

### कन्नेवाड़ा में दिया जा रहा निःशुल्क प्रशिक्षण

शबरी स्पोर्ट्स क्लब द्वारा ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन ग्राम कन्नेवाडा के मैदान में किया जा रहा है। जहाँ खेल में भाग लेने ग्रामीण अंचल के बच्चे आ सकते हैं। यह निःशुल्क शिविर है।इसमें 5 साल से ऊपर के बालक बालिका भाग ले सकते हैं। शबरी स्पोर्ट्स क्लब द्वारा प्रतिवर्ष शिविर लगाया जाता है। शबरी स्पोर्ट्स क्लब हेड कोच तोरण लाल, कोच दीपक तारम, कोच अंजली धनकार द्वारा दिया जा रहा है। सभी खिलाड़ियों को सुबह 5 से 7 बजे तक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जहाँ खेल से जुड़े विभिन्न खेलों का प्रशिक्षण निःशुल्क दिया जा रहा है।

## बाइक पर शराब ले जाते धरा गया कोचिया

**रायपुर।** गांव में शराब बेचने के लिए तस्करी कर रहे बदमाश प्रेमनारायण भारती उर्फ बबूली को मंदिर हसौद थाने की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी ग्राम पलौद का रहने वाला है और अपनी बाइक पर 44 हजार रुपए कीमत की शराब लेकर सप्लाई करने जा रहा था।

**:: आम सूचना ::**

**प्रतिभा साहू पति सुनील राय उम्र लगभग 38 वर्ष जाति- तेली. निवासी गुरूर, तहसील-गुरूर जिला बालोद (छ.ग.) ............ शपथकर्ता**

**–:: शपथ पत्र ::–**

मैं उपर नामांकित शपथकर्ता सत्यनिष्ठापूर्वक सत्यकथन करता हूँ कि :-

1. यह कि, मेरा नाम एवं पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि मेरे द्वारा ग्राम गुरूर तह गुरूर जिला बालोद में खसरा नंबर 269/148 रकबा 0.02 हे. 5.73 डिसमिल विक्रेता राकेश कुमार पिता कुन्दन लाल निवासी पाटन से 8,10,000/- रूपयें अक्षरी आठ लाख दस हजार रूपयें में दिनांक 05/02/2019 को खरीदकर पंजीयन कार्यालय गुरूर में पंजीयन कराया गया। जिसका पुस्तक क्रमांक 1 ग्रंथ क्रमांक 1332 में पृष्ट संख्या 24 से 42 पर पंजीयन कमांक 815 में पंजीकृत है मेरी भूमि के पंजीयन के सभी मूल दस्तावेज वर्तमान में मेरे पास उपलब्ध है।
3. यह कि मेरे द्वारा क्रय कि गई भूमि को विक्रेता राकेश कुमार पिता कुन्दन लाल निवासी पाटन ने श्रीमति भावना जैन पति दानमल जैन निवासी गंजपारा बालोद तह. व जिला बालोद से दिनांक 06/01/2016 को अपने सौदा मूल्य 1,80,000/- रूपयें अक्षरी एक लाख अस्सी हजार रूपये में खरीदा गया था। भूमि के सौदा का पंजीयन उपपंजीयक कार्यालय बालोद छ.ग. में पंजीयन कराया गया। जिसका पुस्तक क्रमांक अ-1 ग्रंथ क्रमांक 4658 के पृष्ट संख्या 57 से 67 पर पंजीयन क्रमांक 1016 में पंजीकृत है पंजीयन के समय भूमि का खसरा नंबर 269/124 का टुकड़ा अंकित किया गया।
4. यह कि जब मैने भूमि का पंजीयन कराया एवं कब्जा प्राप्त किया तब विक्रेता राकेश कुमार पिता कुन्दन लाल निवासी पाटन ने पूर्व में हुए अपने पंजीयन मूल कॉपी मुझे सौंपी गई थी उक्त भूमि के पंजीयन की कॉपी मुझसें 1 वर्ष पूर्व कहीं गुम हो गया है, जिसे सभी संभावित स्थानों पर तलाश करने पर भी नहीं मिला तथा अब मिलने की संभावना नहीं है।
5. यह कि मेरे भूमि के पंजीयन की कॉपी मिलने की कोई संभावना नहीं होने के कारण मुझे थाना गुरूर में प्राथमिकी दर्ज कराना चाहता हूँ।

उक्त शपथ पत्र मुझे थाना गुरूर में पेश करने की आवश्यकता हुई है। ........**शपथकर्ता**

**सत्यापनकर्ता**

मैं प्रतिभा साहू पति सुनील राय उम्र लगभग 38 वर्ष जाति- तेली, निवासी-गुरुर, तहसील गुरुर जिला-बालोद छ.ग. सत्यापित करता हूँ कि शपथ पत्र की कंडिका 01 से 05 तक दी गई समस्त जानकारी मेरे निजी ज्ञान एवं विश्वास के अनुसार सत्य व सही है, जिसे मैंने पढ़कर, सुनकर, समझकर आज दिनांक 02/04/2023 को अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया। **सत्यापनकर्ता**
**प्रतिभा साहू**

# चुनई-जगार नेवता कार्ड अभियान हुआ गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद






जिला प्रशासन के जिले के 1 लाख से अधिक घरों में 'चुनई–जगार' हर घर सम्पर्क महा अभियान के अन्तर्गत 'चुनई–जगार' नेवता कार्ड पहुंचाकर मतदान तिथि 26 अप्रैल को मतदान हेतु अपील करने के उल्लेखनीय कार्यों के लिए गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड से नवाजा गया। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अंतर्गत कांकेर लोकसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त किए गए सामान्य प्रेक्षक एमटी रेजू, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल की उपस्थिति में ग्राम सिवनी स्थित उप संचालक समाज कल्याण विभाग के कार्यालय में वृहद मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में जिले के 1 लाख से अधिक घरों में 'चुनई–जगार' हर घर सम्पर्क महा अभियान के अन्तर्गत 'चुनई–जगार' नेवता कार्ड पहुंचाकर मतदान तिथि 26 अपे्रल को मतदान हेतु अपील करने के उल्लेखनीय कार्यों के लिए गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड से नवाजा गया। कार्यक्रम में उपस्थित गोल्डन बूक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड के टीम के सदस्यों के द्वारा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा स्वीप के नोडल अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे को इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए गोल्डन बूक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

## खबर संक्षेप



### चुनई तिहार में मतदान के लिए किया गया प्रेरित

**डौंडीलोहारा।** कांकेर लोकसभा क्षेत्र में आम निर्वाचन के लिए मतदान 26 अप्रैल को होना है। इस दौरान मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप प्लान के तहत मतदाताओं को भय एवं लोभ से मुक्त होकर प्रजातांत्रिक व्यवस्था में भागीदारी तथा नैतिक दायित्व निभाते हुए मतदान करने की शपथ दिलाई गई।
उक्त कार्यक्रम में राकेश प्रधान मुख्य नगर पालिका अधिकारी भानु प्रकाश घोष उप अभियंता, अमित कुमार श्रीवास लेखपाल, भानु प्रताप सिंह पटेल सहायक ग्रेड 3, राम यश पटेल सहायक राजस्व निरीक्षक पुरुषोत्तम चंद्राकर राजस्व विभाग, पंकज चंद्राकर लोक निर्माण विभाग, ईश्वर कुमार आर्य जलप्रदाय विभाग, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता नीरा साहू एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### नगर पंचायत गुरुर में चला चुनई जगार नेवता महाअभियान



**गुरुर।** लोकसभा आम निर्वाचन मतदान दिवस 26 अप्रैल के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जिला बालोद के निर्देशानुसार नगर पंचायत गुरुर में चुनई जगार नेवता महाअभियान चलाया गया। इसके तहत रानी दुर्गावती महिला स्व सहायता समूह गुरुर के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने वार्ड क्रमांक 5 में घर–घर जाकर शत-प्रतिशत मतदान के लिए लोगों से आग्रह किया। इस अवसर पर समूह की अध्यक्ष सुनीता पटेल, सचिन सोहद्रा सोरी, उपाध्यक्ष मीना नेताम, सदस्य जय श्री ठाकुर, लक्ष्मी साहू, फुलेश्वरी ढीमर सहित समूह के सदस्य शामिल थे।

### मयूर पब्लिक स्कूल कुम्हारखान में परीक्षा परिणाम घोषित



**गुरूर।** मयूर पब्लिक स्कूल कुम्हारखान में सत्र 2023–24 का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस दौरान शिक्षक-पालक बैठक भी रखी गई। बैठक में पालक देवचंद साहू, निरंजन साहू, टेमन लाल साहू, संजय साहू, केशव सिन्हा, देवेन्द्र नेताम, प्रनीता यादव, ग्राम कुम्हारखान सरपंच भामिन नेताम, ग्राम आनंदपुर सरपंच सुनीता साहू, जीतू बंजारे, मोहनी साहू, ममता ताम्रकार, योगेश्वर साहू, उदयराम ने पालक के साथ बच्चों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। संस्था के संचालक हेमलता साहू एवं प्राचार्य मोतीलाल साहू, जयंती यादव, मोना साहू, वंदना यदु, भेमेश्वरी, नीलम, धनेश्वरी उपस्थित थे।

### निधन

### भुवन सिंह चन्द्राकर



**अंडा।** ग्राम अंडा गुडी चौक निवासी भुवन सिंह चन्द्राकर 83 वर्ष का 6 अप्रैल को निधन हो गया। वे विजय चंद्राकर और अजय चन्द्राकर के पिता व सुमीत चन्द्राक, अविनाश चन्द्राकर के दादा जी थे। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।

**आयोजन :** विभिन्न शक्ति केंद्रों व बूथों में किया गया कार्यक्रम

# स्थापना दिवस पर जुटे भाजपा कार्यकर्ता पितृ पुरुषों के योगदान को किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

शक्ति केंद्र अरमरीकला में भारतीय जनता पार्टी स्थापना दिवस जिला मंत्री नरेश साहू के मार्गदर्शन में मनाया गया।

नरेश साहू ने भाजपा के पितृपुरुष को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि यह हम सभी के लिए गौरव की बात है कि बीजेपी अपने विकासवादी विजन, सुशासन और राष्ट्रवादी मूल्यों के प्रति हमेशा समर्पित रही है। भाजपा की सबसे बड़ी शक्ति इसके कार्यकर्ता हैं, जो 140 करोड़ देशवासियों की आकांक्षाओं को पूरा करने में दिन–रात जुटे रहते हैं। देश की युवाशक्ति भाजपा को एक ऐसी पार्टी के रूप में देखती है, जो उनके सपनों को साकार करने के साथ ही 21वीं सदी में भारत को मजबूत नेतृत्व देने में सक्षम हैं। इस अवसर पर घनेंद्र साहू, चंद्रशेखर निर्मलकर, भारत साहू, वामन साहू, नेमचंद साहू, सुरेश पाल, हुलेश्वर साहू, कोमल साहू, गजेंद्र साहू एवं अन्य बूथ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### भाजपा मंडल गुरूर में मना स्थापना दिवस, जिलाध्यक्ष पवन हुए शामिल

**गुरूर।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर भाजपा मंडल गुरूर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।कार्यक्रम में पार्टी जिला अध्यक्ष पवन साहू, मंडल के पदाधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। जहां अटल बिहारी वाजपाई, पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण के साथ स्थापना दिवस मनाया गया।



### अकलवारा में मना स्थापना दिवस

**गुरूर।** ग्राम अकलवारा में बूथ स्तरीय भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया। जहां ग्राम के अटल चौक में पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र पर मल्यार्पण कर स्थापना दिवस मनाया गया।



## भाजपा मंडल डौंडीलोहारा ने मनाया स्थापना दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

भाजपा मंडल डौंडीलोहारा द्वारा पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पार्टी के पितृपुरूषों पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं. दीनदयाल उपाध्याय, अटल बिहारी वाजपेयी के योयगदान को याद किया गया। इसके साथ ही बूथों व शक्ति केन्द्रों के घरों में पार्टी का झंडा लगाया गया। इसकी शुरुआत स्थानीय बस स्टैंड पर स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य व जिला उपाध्यक्ष देवेन्द्र जायसवाल, मंडल अध्यक्ष रूपेश सिन्हा, कोषाध्यक्ष गैदमल भंसाली, हीरा ठाकुर, नरेंद्र लुकंढ, पलाश गुप्ता, पार्षद श्रीमती माया ठाकुर, श्रीमती रहिमत कोसमा, मनीराम बघेल,जसराज शर्मा, राजू भंसाली, जिवराखन कौमार्य, नमो लोढ़ा, आरती संचेती, देवराज साहू, शिव भौसार्य, लोमन साहू सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल थे।

## डौंडी मंडल में मना भाजपा का स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा



भारतीय जनता पार्टी डौण्डी मंडल में स्थापना दिवस के अवसर पर समस्त शक्ति केंद्र के प्रभारी, संयोजक, सहसंयोजक, मंडल में निवासरत प्रदेश व जिले के पदाधिकारियों ने मिलकर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और छत्तीसगढ़ महतारी के छाया चित्र पर माल्यार्पण व पूजा अर्चना कर स्थापना दिवस मनाया।

मंडल अध्यक्ष मनीष झा ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रनिर्माण को समर्पित संकल्प की अभिव्यक्ति के 44 वर्ष, भारत की चेतना जगाने के लिए संकल्पित भाजपा के स्थापना दिवस पर पार्टी के संस्थापकों और नायकों को नमन और समस्त देवतुल्य कार्यकर्ताओं को अपनी बधाई दी। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर महत्वपूर्ण बैठक भी हुई। कार्यक्रम में महत्वपूर्ण रुप से विधानसभा संयोजक राजेश दशोड़े, डौण्डी मंडल के प्रभारी सुरेश जायसवाल, मंडल अध्यक्ष मनीष झा, नगर पंचायत अध्यक्ष सोमेश सोरी, मंडल महामंत्री अजय चौहान, टिकेन्द्र साहू, मंडल उपाध्यक्ष हितेश साहू, हिन्सा राम साहू, नगर पंचायत उपाध्यक्ष अब्दुल इब्राहिम, रुपेश नायक, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामकिशन सोरी, भरत भाई पटेल , राधिका भरद्वाज, महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती रजनी जायसवाल, पार्षद श्रीमती रेखा चौहान, मातरमदास कोसरे, मीतेंन्द्र वैष्णव, शशी निषाद, पवन साहू, आशीष अग्रवाल एवं समस्त शक्ति केंद्र के प्रभारी संयोजक सहसंयोजक उपस्थित थे।

### ग्राम दर्रा में भाजपा ने मनाया स्थापना दिवस

**गुरूर।** ग्राम दर्रा में भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर ग्राम के अटल चौक में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के तैल चित्र पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में ग्राम के सरपंच लक्षु राम देशलहरे, उपसरपंच तुलसी राम साहू, ग्राम प्रमुख आत्मराम साहू, शत्रुघ्न निर्मलकर, गजानंद साहू, नोमेश्वर साहू, हिरेंद्र सिन्हा, तोरण साहू, गुपेंद्र साहू, जगदीश साहू, किसान ठाकुर सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।



### कंवर में भाजपाइयों ने लिया 400 पार का संकल्प

**गुरूर।** ग्राम कंवर में पूर्व सरपंच टुकेश्वर पाण्डे के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पार्टी का स्थापना दिवस मनाया। जहां कार्यकर्ताओं द्वारा पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण व पूजन किया गया। इस अवसर पर अब की बार 400 पार के संकल्प को दोहराते हुए इसके लिए पूरी ताकत से जुट जाने का प्रण लिया गया।



### भाजपा का स्थापना दिवस मनाया गया

**अंडा।** ग्राम देवरी (ख) में भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर अटल बिहारी वाजपई एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय को याद करते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में गांव के सरपंच खिलेंद्र कुमार साहू, उत्तम गायकवाड, ललित कुमार साहू, भूपेंद्र निषाद, गणपत यादव, आनंद देशमुख, ओम प्रकाश निषाद, रंभा बाई निषाद, देवदत्त साहू सहित समस्त ग्रामीणजन उपस्थित थे।



### भाजपा ने मनाया स्थापना दिवस

**गुरूर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा नगर में पार्टी स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर भारत माता, पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में पूर्व जिला उपाध्यक्ष यादव राम साहू, पार्षद चिंता राम साहू, अनसुईया ध्रुव, ताम्रध्वज सिंह, शोभित साहू, मधुसूदन सोनवानी, जितेश्वरी निषाद उपस्थित थे।



## प्रदेश साहू समाज ने किया इंस्पेक्टर तरूणा का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा

### रायपुर में हुआ साहू समाज का होली मिलन एवं सम्मान समारोह

छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष टहल साहू के मार्गदर्शन में सांस्कृतिक प्रकोष्ठ एवं महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में प्रदेश कार्यालय टिकरापारा रायपुर में होली मिलन समारोह एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के नवनियुक्त पदाधिकारियों को प्रमाणपत्र भेंट कर सम्मानित किया गया और श्रीमती तरूणा साहू इंस्पेक्टर आरपीएफ, राष्ट्रीय पंडवानी गायिका एवं राजेन्द्र साहू भारत का अमृत कलश विजेता को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संयोजक महंत लीलाधर दास ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टहल साहू एवं संदीप साहू विधायक



कसडोल के हाथों प्रदान किया गया। सांस्कृतिक प्रकोष्ठ प्रदेश साहू संघ नवनियुक्त पदाधिकारियों में तरूणा साहू इंस्पेक्टर को सहसंयोजिका, लोमस चंदन साहू कोंडागांव सह-संयोजक, हनुमंत साहू बेमेतरा महासचिव, आशीष साहू भिलाई को संगठन सचिव बनाया गया। उक्त आयोजन में डंडा नृत्य एवं नंगाड़ा फाग के साथ होली मिलन धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मोहन कुमारी उपाध्यक्ष, हनुमंत साहू कोषाध्यक्ष, लखन साहू महासचिव, शीलू साहू महिला प्रकोष्ठ संयोजक, पवन साहू संयोजक युवा प्रकोष्ठ, पंचराम, शीतल साहू कबीरधाम, हरिद्वारिका भिलाई, सहित प्रदेश जिला तहसील प्रकोष्ठ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## राजमिस्त्री संघ के अध्यक्ष चुने गए हलधर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा



राज मिस्त्री कल्याण संघ शाखा दुधली (मालीघोरी) पंजीयन क्रमांक 485 की बैठक कुकुर देव शिव मन्दिर प्रांगण में हुई। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चयन किया गया। अध्यक्ष हलधर देशमुख दुधली को बनाया गया। इसी तरह उपाध्यक्ष सोमन ठाकुर बनगांव, कोषाध्यक्ष संतोष साहू खपरी, सचिव, जगराम साहू कुम्हलोरी, सहसचिव अनिल रावटे कोबा महासचिव महर्षि पटेल कोरगुडा, सलाहकार देवानन्द देवांगन, दिलीप बंदे, रामसाय ठाकुर, हेमसिंह ठाकुर, संरक्षक बालेन्द्र ठाकुर, भीखम यादव, हरभजन ठाकुर, रोशन भंडारी, तुलाराम निषाद, केदार देशमुख, रघुनाथ पिस्दा, नेमसिंह ठाकुर, उत्तम ठाकुर, जीवन देशमुख, वासु खपरी, लवकुश, डोमेन यादव, धनवाराम, रिखी राम, उमेश ठाकुर, योगराज, जितेन्द्र ठाकुर, खोलू ठाकुर, सीता राम, सेवक साहू, बिरेन्द्र साहू, मिलु राम साहू, घनाराम, ढाल ठाकुर, अनिल ठाकुर, दुर्गा मानकर, दुष्यंत निर्मलकर, मोहन, निरंजन साहू, खगेस ठाकुर, धनेश धनकर, हिरदे राम तारम, कमलेश देशमुख, योगेश पटेल उपस्थित थे।

### फागुनदाह में बाल संस्कार केंद्र के बच्चों ने किया शरबत वितरण

**गुरूर।** ग्राम फागुनदाह में संत आशाराम बापू द्वारा प्रेरित बाल संस्कार केंद्र के बच्चों ने ग्राम में आयोजित कर्मा जयंती के उपलक्ष्य में ग्रामवासियों में शीतल शरबत का वितरण किया। इसमें पलाश के फूलों से निर्मित प्राकृतिक शरबत के साथ गुलाब, आंवला, नींबू का रस और अन्य प्राकृतिक पेय अपनाकर लोगों को बाजार में उपलब्ध कोल्डड्रिंक्स से परहेज कर बेहतर स्वास्थ्य के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर ग्राम के वरिष्ठ नागरिकों ने बच्चों की सेवा को खूब सराहा।



### देवरी-ख में आज मनाई जाएगी मां कर्मा जयंती

**अंडा।** ग्राम-देवरी (ख) में तहसील, परिक्षेत्र एवं ग्रामीण साहू समाज के संयुक्त तत्वावधान में भक्त माता कर्मा जयंती महोत्सव आज रविवार 7 अप्रैल को मनाया जाएगा। प्रातः 9 बजे से कलश, शोभायात्रा पूर्वान्ह 11 से दोपहर 1:30 बजे तक आरती, पूजन, स्थानीय अतिथियों का स्वागत अतिथियों द्वारा उद्बोधन, दीप प्रज्जवलन एवं महाआरती होगी। इसके बाद लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति मयारु-दावना होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चुन्नीलाल साहू सांसद महासमुन्द, अध्यक्षता सोमनलाल साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ, विशेष अतिथि ओंकार साहू विधायक धमतरी, रमशीला साहू पूर्व मंत्री, डॉ. दयाराम साहू पूर्व विधायक, वीरेन्द्र कुमार साहू पूर्व विधायक,पवन कुमार साहू, महंत चन्द्रशेखर दास, धिराज राम साहू, लेखराम, सनद-बंटी साहू, लखनलाल साहू, चन्द्रकांत साहू,अंजनी साहू संयोजिका महिला प्रकोष्ठ, सुचित्रा-हेमन्त साहू अध्यक्ष, जनपद पंचायत गुण्डरदेही, चन्द्रकुमारी-घनाराम साहू, खिलेन्द्र साहू सरपंच ग्राम पंचायत देवरी-ख व ग्रामीणजन उपस्थित रहेंगे।




पाठक सूचना
बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100




